**1/2018**
राज्य विरूद्ध शिवकुमार
**Time : 02:30PM**

Witness no. **06** for **अभियोजन साक्ष्य** deposition taken the **15-01-2020** day of **बुधवार** witness apparent age 43 Year state on affirmation **शपथ पूर्वक कथन** my name is **प्रेम किसन** Son, of **स्व. श्री जेठूराम** Occupation **खेती किसानी** address **करही थाना बिर्रा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.**

**01.** मै न्यायालय उपस्थित अभियुक्त को जानता पहचानता हूॅ, वह रिश्ते में मेरे साढू लगता है। घटना आज से दो वर्ष पूर्व की है। मेरे साला मनोहर मुझे फोन करके बताया कि शिवकुमार और गीता बाई मोटर सायकल से जा रहे थे, तो ग्राम करमनडीह के नाला के पास सामने से अचानक गाय के आ जाने से मोटर सायकल से दोनों गिर गये थे और उन्हे शासकीय अस्पताल जैजैपुर लेकर आये है। जहां गीता बाई की मृत्यु होना बताया है। सूचना के बाद मै अस्पताल जैजैपुर आया और वहां से थाना जैजैपुर गया था।

**02**. पोस्ट मार्टम एवं पंचनामा कार्यवाही मेरे समक्ष हुआ है। मृत्यु जांच उपस्थिति पत्रक प्र.पी. 02, नक्शा पंचायतनामा प्र.पी. 03 के अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर है। पुलिस वालें मुझसे कोई पूछताछ नही किये है। अभियुक्त हमारा रिश्तेदार है, हमारा अभियुक्त से राजीनामा हो गया है।

**<u>प्रतिपरीक्षण द्वारा अधिवक्ता श्री आर.एल. रात्रे वास्ते अभियुक्त</u>**

**03.** यह कहना सही है कि घटना के समय मै घटना स्थल पर नही था। यह कहना सही है कि गाड़ी कौन चला रहा था, मुझे जानकारी नही है। यह कहना सही है कि हम लोग शिवकुमार के विरूद्ध कोई कार्यवाही नही चाहते थे, पुलिस वालें जबरन केस बना दिये है।

**<u>Time : 1:40PM</u>**

वाचित ,सत्य,स्वीकृत | मेरे निर्देशानुसार टंकित किया गया।

सही/-
(मंजू लता सिन्हा )
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
जैजैपुर, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

गवाह के हस्ताक्षर

सही/-
(मंजू लता सिन्हा )
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
जैजैपुर, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

**1/2018**
राज्य विरूद्ध शिवकुमार
**Time : 12:55PM**

Witness no. **05** for **अभियोजन साक्ष्य** deposition taken the **15-01-2020** day of **बुधवार** witness apparent age 13 Year state on affirmation **शपथ पूर्वक कथन** my name is **काब्य** Son, of **शिवकुमार** Occupation **पढ़ाई कक्षा 8 वीं** address **करमनडीह थाना जैजैपुर जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.**

**01.** मै न्यायालय उपस्थित अभियुक्त शिवप्रसाद को जानता पहचानता हूॅ, वह मेरे पिता है। मै मृतका गीताबाई मेरी मां है। आज से लगभग 2-3 साल पूर्व की है। मै घटना दिनांक को घर पर ही था। मां पिताजी के मोटर सायकल में बैठकर मौहाडीह जा रहे थे। मुझे घर वालें बतायें कि मोटर सायकल से जाते समय गाय बैल सामने से आ जाने से अचानक ब्रेक लगाने से मेरे मां एवं पिता गाड़ी से गिर गये थे। घर वालें मेरे माता पिता को घटना स्थल से उठाकर घर लेकर आये थे, वहां से अस्पताल लेकर गये थे, जहां अस्पताल में मेरी माता की मृत्यु हो गयी थी। मैने पुलिस वालों को घटना के संबंध में बयान दिया था।

**<u>प्रतिपरीक्षण द्वारा अधिवक्ता श्री आर.एल. रात्रे वास्ते अभियुक्त</u>**

**02.** यह कहना सही है कि मै घटना स्थल पर उपस्थित नही था, इसलिये घटना कैसे घटित हुई, मै नही जानता हूॅ।

**<u>Time : 1:25PM</u>**

वाचित ,सत्य,स्वीकृत

मेरे निर्देशानुसार टंकित किया गया।

सही/-
(मंजू लता सिन्हा )
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
जैजैपुर, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

गवाह के हस्ताक्षर

सही/-
(मंजू लता सिन्हा )
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
जैजैपुर, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

**1/2018**
राज्य विरूद्ध शिवकुमार
**Time : 12:55PM**

Witness no. **04** for **अभियोजन साा्क्ष्य** deposition taken the **15-01-2020** day of **बुधवार** witness apparent age 40 Year state on affirmation **शपथ पूर्वक कथन** my name is **अशोक कुमार वैष्णव** Son, of **श्री रमन दास वैष्णव** Occupation **खेती किसानी** address **करमनडीह थाना जैजैपुर जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.**

**01.** मै न्यायालय उपस्थित अभियुक्त शिवप्रसाद को जानता पहचानता हूॅ, वह मेरे ही गांव का निवासी है। मै मृतका गीताबाई को नही जानता हूॅ। आज से लगभग 2 साल पूर्व रात के समय मै राधेलाल चन्द्रा के मैक्सीमों बोड़ी गाड़ी में अभियुक्त के मां एवं पत्नी व परिवार के सदस्यों को अस्पताल जैजैपुर लेकर आया था। किसकों क्या चोट लगा था , मुझे जानकारी नही है। मुझे घटना के संबंध में कोई जानकारी नही है। मैने पुलिस वालों को घटना के संबंध में बयान दिया था।

**टीप- इसी स्तर पर अभियोजन अधिकारी श्री सुधीर कुमार द्वारा साक्षी को पक्षद्रोही घोषित कर साक्षी से सूचक प्रश्न पूछे जाने की अनुमित चाही। विचार बाद अनुमित दी गयी।**

**02.** यह कहना सही है कि दूसरे दिन मुझे पता चला कि शिवकुमार कोसले की पत्नी गीता कोसले की मृत्यु हो गयी है। यह कहना गलत है कि मुझे जानकारी मिली कि शिवकुमार अपनी पत्नी गीता को मोटर सायकल में बैठाकर बोडसरा होते हुये करमनडीह जा रहे थे तो खाल्हे नरवा में अचानक गाय बैल आ जाने से ब्रेक लगाने से गिरने से अंदरूनी चोट आने से मृत्यु हुई।

**03.** यह कहना गलत है कि अभियुक्त मेरे गांव का है, इसलिये उसे बचाने के लिये आज सही बातें नही बता रहा हूॅ।

**प्रतिपरीक्षण द्वारा अधिवक्ता श्री आर.एल. रात्रे वास्ते अभियुक्त**

**04.** यह कहना सही है कि घटना के संबंध में मुझे किसी प्रकार की कोई जानकारी नही है।

**Time : 1:10PM**

वाचित ,सत्य,स्वीकृत

मेरे निर्देशानुसार टंकित किया गया।

सही/-
(मंजू लता सिन्हा )
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
जैजैपुर, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

गवाह के हस्ताक्षर

सही/-
(मंजू लता सिन्हा )
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
जैजैपुर, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)